सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-128
06/03/2017

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रवि राय के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 06 मार्च 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रवि राय के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी नेता थे। समता पार्टी के गठन में भी हम साथ थे। उनसे हमारा पुराना व्यक्तिगत संबंध रहा है। वे समाजवादी आन्दोलन के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता एवं नेतृत्व के गुणों के कारण समाजवादी आन्दोलन के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी बने रहे। उनके निधन से मुझे व्यक्तिगत क्षति हुयी है। उनके निधन से न केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******